**पवित्र स्नान** वैशाख पूर्णिमा पर नर्मदा घाटों में उमड़ा जनसैलाब , सुबह से लेकर रात तक लगा रहा भक्तों का तांता

# शुभ मुहूर्त में भक्तों ने लगाई आस्था की डुबकी



**नवभारत, जबलपुर।** वैशाख महीने की बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर नर्मदा घाटों में भक्ति का जन सैलाब देखने को मिला। जहां पर सुबह से ही लोग नर्मदा जी में पवित्र स्नान करने को पहुंचे। वैशाख महीने के अंत में पड़ने वाली बुद्ध पूर्णिमा पर सबसे पहले लोगों ने नर्मदा जी ने स्नान करके भगवान का विधि-विधान से पूजन किया और साधु संतों से कथा सुनकर दान करके पुण्य लाभ अर्जित किया। ग्वारीघाट में सुबह से ही लोगों द्वारा भंडारा आदि भी आयोजित किया गया, जहां पर भक्तों ने स्नान और पूजा पाठ करके भंडारे का प्रसाद भी ग्रहण किया। उल्लेखनीय है कि वैशाख पक्ष की तिथि पर धर्म-कर्म के कार्यों का बड़ा महत्व है। धार्मिक मान्यता है कि इस दिन पूजन और व्रत रखने से सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है। जीवन में सुख-समृद्धि और खुशहाली आती है। इस विशेष दिन दान-पुण्य और धार्मिक कार्यों शुभ फलदायी माने गए हैं। कहा जाता है कि वैशाख माह की पूर्णिमा तिथि के दिन सत्यनारायण भगवान की पूजा करने से मनोवांछित फलों की प्राप्ति होती है।

### गौरीघाट में सबसे ज्यादा भीड़

वैशाख महीने में नर्मदा जी में स्नान करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। जिसके लिए पूरे वैशाख महीने में सभी नर्मदा घाटों में लोगों की भी देखने को मिली है। इसी के साथ वैशाख पूर्णिमा पर नर्मदा जी के गौरीघाट में सबसे ज्यादा भीड़ थी । जहां सुबह ब्रम्ह मुहूर्त से ही लोग स्नान करने पहुंचने लगे थे। इसके साथ ही तिलवारा घाट, भेड़ाघाट, सरस्वती घाट, पंचवटी आदि सभी जगह भक्ति का जनसैलाब देखने को मिला।

### बरगी हादसे के बाद नौकायान से बनाई दूरी

बरगी बांध में हुए हादसे के बाद बैशाख पूर्णिमा में स्नान करने पहुंचे अधिकतर श्रद्धालुओं ने घाट पर नौकायान से दूरी बनाते नजर आए। अक्सर देखा जाता है कि पुण्य अवसर पर लोग नाव पर सवार होकर बीच में जाके पूजन अर्चन कर दीप दान आदि करते हैं। लेकिन हादसे के बाद सभी प्रमुख घाटों पर नौकायान का चलन कम देखने को मिला।

### नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा में दिखा भक्ति और उत्साह का संगम



भेड़ाघाट स्थित हरे कृष्णा आश्रम से बैसाख पूर्णिमा के पावन अवसर पर 502वीं नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा श्रद्धा और उल्लास के साथ निकाली गई। सुहावने मौसम में 'नर्मदे हर' के जयघोष और संकीर्तन मंडलियों के मधुर भजनों के बीच सैकड़ों भक्तों ने हाथों में भगवा ध्वज लेकर भाग लिया। परिक्रमा की परंपरा सैकड़ों वर्षों पुरानी है, जिसमें भगवान श्री हनुमान जी महाराज की सूक्ष्म उपस्थिति मानी जाती है। यात्रा के दौरान धोड़ी, शेर-भालू नृत्य और डोल की धुनों ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। परिक्रमा का नेतृत्व संघ के वरिष्ठ प्रचारक गोरेलाल, संकीर्तनाचार्य सुरेश विश्वकर्मा और साध्वी शीला मुनि उदासीन ने किया, जबकि दान सिंह मास्टर ने जादू प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं का मनोरंजन किया। आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्रदास जी महाराज द्वारा बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण भी किया गया। नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ. सुधीर अग्रवाल ने बताया कि परिक्रमा बेनगंगा पुल से प्रारंभ होकर 64 योगिनी, पंचवटी, धुआंधार, लमेटा घाट, शनि मंदिर डुडुवाड़ा, इमलिया और न्यू भेड़ाघाट होते हुए सरस्वती घाट से आश्रम पहुंचकर विशाल भंडारे के साथ संपन्न हुई। इस अवसर पर संरक्षक सुषमा शंकर पटेल, संकीर्तनाचार्य श्याम मनोहर पटेल, मीना पटेल, सुरेश विश्वकर्मा, विनोद दीवान, मनोज गुलाबवानी, रामकिशन पटेल, आशीष पटेल, डोभी झल्लू पटेल, दुर्गा पटेल, छन्नूराम पटेल सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# शानो-शौकत के साथ निकला संदल चादर जुलूस

**बैंड-बाजों की सुमधुर धुनों पर पेश किए नातिया कलाम**

**नवभारत, जबलपुर।** हज़रत शाह मिर्ज़ा आगा मोहम्मद साहब रहमतुल्लाह अलैह के उर्स मुबारक के अवसर पर जुमा को शाम 4 बजे आगा चौक से शानो-शौकत के साथ संदल चादर जुलूस निकाला गया। जुलूस में बड़ी संख्या में अकीदतमंदों ने शिरकत कर अकीदत का इज़हार किया। इस मौके पर मुतवल्ली सैय्यद लियाकत अली, सेक्रेटरी मोहम्मद रफीक खान, सैय्यद साबिर अली सहित तमाम पीर अकीदतमंद हजरात सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे। बैंड-बाजों की सुमधुर धुनों पर नातिया कलाम पेश किए गए, जिससे माहौल पूरी तरह रूहानी हो गया। जुलूस में शामिल अकीदतमंद हाथों में परचम थामे 'नारा-ए-तकबीर अल्लाहो अकबर' और 'नारा-ए-रिसालत या रसूलल्लाह' के नारे बुलंद कर रहे थे। जुलूस बारादरी रानीताल होते हुए पुनः आगा चौक पहुंचा, जहां परंपरानुसार मज़ार शरीफ पर चादरपोशी की गई। इसके बाद नजर-ओ-नियाज़ पेश कर तबर्रुक तकसीम किया गया।



### आज कुल शरीफ का आयोजन

रात्रि में आयोजित महफिल-ए-सिमा में कव्वालों ने सूफियाना कलाम पेश कर अकीदतमंदों को झूमने पर मजबूर कर दिया। उर्स शरीफ के अंतिम दिन शनिवार को अपराह्न 4 बजे आगा चौक दरगाह में कुल शरीफ का आयोजन किया जाएगा। आयोजकों ने सूफी हज़रतों और अकीदतमंदों से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

## एक नजर में



### महिलाओं को दी ब्रेस्ट कैंसर की जानकारी

**नवभारत, जबलपुर।** वीएसए वूमेन स्पोर्ट्स क्लब के प्रथम आयोजन का शुभारंभ उत्साह और गरिमा के साथ हुआ। कार्यक्रम में ब्रेस्ट कैंसर जागरूकता विषय पर डॉ. अबोली पानसे ने महिलाओं को महत्वपूर्ण जानकारी दी, वहीं योग विशेषज्ञ योगिनी निधि सूरी तनेजा ने योग सत्र के माध्यम से स्वस्थ एवं संतुलित जीवनशैली का संदेश दिया। क्लब अध्यक्ष तेजल गुप्ता के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में डायरेक्टर्स रश्मीत हांडा, प्रिया जैन, रोबिना मंगलानी और अलका जगवानी ने सभी महिला सदस्यों का स्वागत किया। फेस आर्ट सहित विभिन्न आकर्षक गतिविधियों में महिलाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शहर की कई प्रतिष्ठित महिलाओं की उपस्थिति से कार्यक्रम को विशेष गरिमा मिली। क्लब ने महिलाओं के शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य, वेलनेस और सामाजिक विकास के लिए निरंतर कार्यक्रम आयोजित करने का संकल्प लिया।

### पशु चिकित्सा अनुसंधान को मिली 7 शोध परियोजनाओं की स्वीकृति


**नवभारत, जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय ने पशु चिकित्सा अनुसंधान के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। मध्य प्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद (एमपीसीसीएसटी) द्वारा विश्वविद्यालय के घटक महाविद्यालयों को कुल 7 शोध परियोजनाओं की स्वीकृति प्रदान की गई है। इन परियोजनाओं का वितरण इस प्रकार है— कॉलेज ऑफ वेटनरी साइंस एंड ए.एच., जबलपुर को 2 प्रोजेक्ट, महू को 3 प्रोजेक्ट तथा रीवा को 2 प्रोजेक्ट स्वीकृत किए गए हैं। कुलपति डॉ. मनदीप शर्मा के नेतृत्व में मिली इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय प्रशासन ने प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने कहा कि यह परियोजनाएं युवा शोधकर्ताओं को राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धी अनुसंधान क्षमता विकसित करने में मदद करेंगी। कुल 58.70 लाख रुपये की वित्तीय सहायता से इन परियोजनाओं में मॉलिक्यूलर डायग्नोस्टिक्स, रोगों का विश्लेषण, स्वदेशी पशु उत्पादकता और सार्वजनिक स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर शोध किया जाएगा। ये परियोजनाएं 2 से 3 वर्षों की अवधि में वेटनरी माइक्रोबायोलॉजी, न्यूट्रिशन, जेनेटिक्स, फिजियोलॉजी, पैरासिटोलॉजी और लाइवस्टॉक प्रोडक्शन टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देंगी।

### विकलांग सेवा भारती में समर कैंप आज से

**नवभारत, जबलपुर।** ग्रीष्मकालीन में मानसिक मंद और सामान्य छात्र- छात्राओं के लिए स्नेह नगर स्थित विकलांग सेवा भारती में आज 2 मई से 21 मई तक समर कैंप का आयोजन किया जाएगा। जिसका रजिस्ट्रेशन शुरू हो चुका है, समर कैंप में बच्चों को डांस ,ड्राइंग ,मेहंदी, पेंटिंग, ग्रीटिंग कार्ड ,कैलीग्राफी और रंगोली सिखाई जाएगी।

### उदय को आईसीएससी 10वीं में मिले 93 .8 प्रतिशत अंक

**नवभारत, जबलपुर।** ग्वारीघाट निवासी उदय कश्यप ने आईसीएससी कक्षा 10वीं की परीक्षा में शानदार सफलता हासिल की है। एम.जी.एम. हायर सेकेंडरी स्कूल के छात्र उदय ने 93.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। उदय की इस उपलब्धि से उनके परिवार और क्षेत्र में खुशी की लहर है। उनके पिता राकेश कश्यप और माता मंजू कश्यप ने बेटे की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे उदय की कड़ी मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का परिणाम बताया है। उदय अपनी इस सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और स्कूल के शिक्षकों को देते हैं।



### कलेक्टर ने मुकुंद बायोटेक का किया निरीक्षण

**नवभारत, जबलपुर।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने भेड़ाघाट के पास मजीठा गांव स्थित मुकुंद बायोटेक का निरीक्षण किया। यहां भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद और उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान के सहयोग से विभिन्न प्रकार के पौधे तैयार किए जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने उत्पादन प्रक्रिया और पौधों की गुणवत्ता का अवलोकन किया। उन्होंने वहां संचालित कार्य पद्धतियों की जानकारी ली और व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया।

# भगवान के प्राकट्य से धरा पर होता है मंगल ही मंगल

**भगवान नरसिंह प्राकट्य महोत्सव में उमड़ा श्रद्धा का सागर**

**नवभारत, जबलपुर।** नरसिंह मंदिर में भगवान भगवान नरसिंह के प्राकट्य महोत्सव पर भक्ति और उत्साह का अद्भुत माहौल देखने को मिला। तृतीय दिवस पर अभिषेक, सहस्त्रार्चन, तर्पण, हवन और महाआरती के साथ प्रसाद वितरण किया गया। इस अवसर पर स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी महाराज ने अपने प्रवचन में कहा कि भगवान के प्राकट्य से संपूर्ण सृष्टि में मंगलमय वातावरण बनता है और भक्तों की सच्ची भक्ति से भगवान उनकी हर विपदा हर लेते हैं।



### ये रहे उपस्थित

महोत्सव में राजारामाचार्य महाराज, श्याम साहनी, अशोक मनोध्या, गुलशन मखीजा, राजेन्द्र प्यासी, मुन्ना पांडे, पद्मा संजय तिवारी, विष्णु पटेल, विध्येश भापकर, इंदुलता प्यासी, लोकराम कोरी, राजेंद्र यादव, संदीप मिश्रा, जीवन कपिल, नीरज मिश्रा, के.के. बस्सी, रामफल शास्त्री, प्रियांशु शास्त्री सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### चौरसिया समाज की मासिक बैठक आज

**नवभारत, जबलपुर।** चौरसिया समाज जबलपुर द्वारा आज शनिवार को शाम 5 बजे कचनार प्लाजा, विजयनगर स्थित समाज के अस्थाई कार्यालय में मासिक बैठक का आयोजन किया जा रहा है। बैठक में चौरसिया दिवस 2026 के आमंत्रण पर चर्चा, आमंत्रण पत्र में सौजन्य से विज्ञापन देने वालों से संपर्क एवं चर्चा, चौरसिया समाज जबलपुर द्वारा पूर्व में आयोजित कार्यक्रमों के आय एवं व्यय पर चर्चा सहित अन्य विषय पर चर्चा की जाएगी। चौरसिया समाज के अध्यक्ष शिव कुमार चौरसिया ने उक्त मासिक बैठक में समाज के वरिष्ठ मंडल, महिला मंडल एवं नवयुवक मंडल के समस्त पदाधिकारी तथा सभी गणमान्य सदस्यों से सम्मिलित होने का आग्रह किया है।




### माहेश्वरी महिला मण्डल द्वारा प्याऊ का शुभारंभ

**नवभारत, जबलपुर।** माहेश्वरी महिला मण्डल के तत्वावधान में, निर्मला जेठा से मिली प्रेरणा के फलस्वरूप कृष्णा हाइट्स, गौरीघाट रोड पर एक प्याऊ का विधिवत शुभारंभ किया गया। सचिव निधि भट्टर एवं पूजा माहेश्वरी ने बताया कि इस पुनीत कार्य से माँ नर्मदा के दर्शन हेतु आने वाले श्रद्धालुओं को शुद्ध पेयजल की सुविधा उपलब्ध होगी, जिससे वे अपनी प्यास बुझा सकेंगे। इस अवसर पर अध्यक्ष अर्चना माहेश्वरी, सचिव अनीता जेठा, निर्मला जेठा, मधु सुरजन, दीप्ति जेठा, सविता माहेश्वरी, नेहा जेठा, तृप्ति चांडक, तारा जेठा, गीता जेठा, नीमा भूतड़ा सहित अनेक सदस्य उपस्थित रहीं।

# जनकृविवि के चार वरिष्ठ वैज्ञानिकों को दी भावभीनी विदाई



**नवभारत, जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय में गुरुवार को आयोजित भव्य समारोह में विश्वविद्यालय के चार वरिष्ठ वैज्ञानिकों और शिक्षकों—डॉ. जी.के. कौतु, डॉ. मोनी थॉमस, डॉ. प्रतिभा सिंह परिहार एवं डॉ. अर्चना पांडे को सम्मानपूर्वक सेवानिवृत्ति विदाई दी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा ने की, जबकि कुलपति डॉ. पी.के. मिश्रा ने सभी को शाल, श्रीफल, स्मृति चिन्ह और पुष्पमालाओं के साथ सम्मानित किया।

डॉ. जी.के. कौतु ने 41 वर्षों की सेवा में कृषि अनुसंधान, रंगीन कपास और उन्नत धान किस्मों के विकास सहित कई महत्वपूर्ण योगदान दिए। डॉ. मोनी थॉमस ने 200 से अधिक शोध पत्र, 10 पुस्तकें और कई स्टार्टअप्स के माध्यम से कृषि प्रबंधन को नई दिशा दी। डॉ. प्रतिभा परिहार ने खाद्य विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय शोध कार्य करते हुए अनेक विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। वहीं डॉ. अर्चना पांडे ने मशरूम उत्पादन और कौशल प्रशिक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर अधिष्ठाता डॉ. धीरेन्द्र खरे, डॉ. अतुल श्रीवास्तव, डॉ. स्वाती बार्च, डॉ. विजय यादव, डॉ. अल्पना सिंह, कुलसचिव डॉ. ए.के. जैन, श्रीमती संजू तिवारी, डॉ. अजय खरे सहित बड़ी संख्या में प्राध्यापक, वैज्ञानिक और कर्मचारी उपस्थित रहे।



# एपीएन एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स में समर कैंप का शुभारंभ

**नवभारत, जबलपुर।** ए.पी.एन. ग्रुप ऑफ एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु आयोजित ''समर कैंप'' का शुभारंभ उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था के अध्यक्ष चमन श्रीवास्तव एवं अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के पश्चात् गुब्बारे छोड़कर किया गया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष ने कहा कि समर कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को निखारना तथा उन्हें खेल, कला, संगीत, योग, क्रिकेट, फुटबॉल, स्केटिंग, कर्सिव राइटिग, टेबल टेनिस, स्पोकन इंग्लिश, आर्ट एण्ड क्राफ्ट एवं व्यक्तित्व विकास जैसी विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नई सीख प्रदान करना है। समर कैंप के प्रथम दिवस विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की तथा विभिन्न गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों में विशेष उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संस्था सह प्रबंधक मयंक श्रीवास्तव महाविद्यालय रजिस्ट्रार मानवेन्द्र सिंह, महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. सोनल खरे, स्टेट बोर्ड प्राचार्य अजय वर्मा, सी.बी.एस.ई. प्राचार्य करन खुराना सहित मनु श्रीवास्तव, डॉ. वरिमा नागपाल , पार्षद अमरचन्द बावरिया सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

**कार्यक्रम** असंगठित मजदूरों के अधिकारों के लिए मंडी में जागरूकता कार्यक्रम

# मजदूरों के अधिकारों और उनके जीवन स्तर में सुधार की आवश्यकता



**नवभारत, जबलपुर।** कृषि उपज मंडी में असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के अधिकारों एवं कल्याण को लेकर एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मजदूरों को शासकीय योजनाओं की जानकारी देने, उनके पंजीयन को बढ़ावा देने और उचित मजदूरी सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। इस अवसर पर घनश्याम यादव, रामरतन यादव और कार्यक्रम संयोजक घनश्याम चक्रवर्ती ने मजदूरों के अधिकारों और उनके जीवन स्तर में सुधार की आवश्यकता पर अपने विचार व्यक्त किए। वहीं आरती सिंह ठाकुर एवं श्रम विभाग से जुड़े पवन जी भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। वक्ताओं ने कहा कि असंगठित क्षेत्र के मजदूर देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उनके अधिकारों की रक्षा करना समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मजदूर शामिल हुए, जहां उन्हें विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई और उनकी समस्याओं का समाधान भी किया गया। अंत में मजदूरों से संगठित होकर अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने और शासकीय योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने की अपील की गई।

### पल्लेदारों, हम्मालों, हाथठेला एवं हाथ रिक्शा चालकों का सम्मान



मजदूर दिवस के अवसर पर मध्यप्रदेश विद्युत कर्मचारी संघ फेडरेशन द्वारा पल्लेदारों, हम्मालों, हाथठेला एवं हाथ रिक्शा चालकों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम में फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी.पी. पाठक ने कहा कि देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले श्रमिक आज भी शोषण, असुरक्षा और बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं, जो चिंता का विषय है। इस अवसर पर दिनेश दुबे, राजेश मिश्रा, मोहित पटेल, मनोज पाठक, योगेश पटेल, बी.एम. तिवारी, देवेश श्रीवास्तव, रंजीत वर्मा और संजय सिंह सहित बड़ी संख्या में फेडरेशन सदस्य उपस्थित रहे। वहीं मिलौनीगंज व्यापारी संघ के अध्यक्ष अमित जैन, गोलू, राहुल अग्रहरि, शिरीष अग्रवाल, प्रशांत सोनी, सेठ ब्रदर्स और पवन अग्रहरि सहित कई गणमान्य लोग भी मौजूद रहे।